उत्तर : मल्लसर्ज की मृत्यु के बाद चेन्नम्मा ने रुद्रम्मा के पुत्र शिवलिंग रुद्रसर्ज को गद्दी पर बिठाया। शिवलिंग रुद्रसर्ज ने चेन्नम्मा की सलाह को हवा में उड़कर चाटुकारों से गहरी मित्रता कर ली, जिससे कित्तूर का पतन शुरू हुआ।

**5) यल्लप्पशेट्टी और वेंकटराव कित्तूर के भेद खोलने क्यों तैयार हो गये ?**

उत्तर : थेकरे ने उन्हें कित्तूर का आधा - आधा राज्य सौंप देने की लालच दिखायी। एक बदले में वे कित्तूर के सभी भेद खोलने और भरसक सहायता देने को तैयार हो गये।

**6) कर्नाटक की जनता के लिए गर्व की बात क्या है?**

उत्तर : कर्नाटक की जनता के लिए गर्व कि बात यहाँ है कि - कर्नाटक की वीरांगना चेन्नम्मा ने पहली बार स्वतंत्रता की जो चिनगारी डाली थी, बाद में वह सारे भारत में फैल गई |

## III. इन शब्दों का विलोम शब्द पाठ में से छाँटकर लिखिए :

1) अस्वस्थ x स्वस्थ
2) कुरूप x सुंदर
3) देश x विदेश
4) शत्रुता x मित्रता
5) बाहर x अंदर
6) देशभक्त x देशद्रोही
7) कायर » वीर
8) पराजय » जय

## IV. अन्यलिंग शब्द लिखिए :

1)पिता-माता
2)रानी-राजा
3) पुत्री- पत्र
4) बाप – माँ
5) दादा -दादी
6) शेरनी - शेर

## V. जोड़कर लिखिए।

1) चेन्नम्मा का जन्म सन् ————————> 1778
2) चेननम्मा की खोक से जन्म ————————> शिवबसवराज
3) शिवलिंग रुद्रसर्ज की मृत्यु सन् ————————> 1824
4) डालहौसी गवर्नर ————————> जनरल
5) चेन्नम्मा की जीवन ज्योति बुझी सन् ————————> 1829

## VI. अनेक शब्द के लिए एक शब्द लिखिए।

जैसे : एक से ज्यादा भाषा जाननेवाला ————> बहुभाषी
1) सामान खरीदना एवं बेचना ————> व्यपार
2) झटी प्रशंसा करनेवाले ————> चाटुकारा
3) जिनका कोई संतान न हो ————> निःसंतान
4) देश के प्रति द्रोह करनेवाला ————> देशद्रोही
5) जो परिचित न हो ————> अपरिचित
6) स्वयं को समर्पित करना ————> आत्म समर्पण

**VII. पुराने समय में युद्ध करने के लिए तलवार, भाले, तीर-कमान आदि शस्त्ररुतों का उपयोग होता था। अब आप तीन वाक्यों में लिखिए कि अगर आजकल युद्ध होता है तो किस प्रकार की चीजों का उपयोग किया जाता है?**

यदि आजकल युध्द होता है तो युध्द करने के लिए –
पिस्तौल, बंदूक, बम, शेल, राकेट् व्दारा बंबड़ी, ग्रेनेड आदि चीजों का उपयोग किया जता है।

**VIII. कित्तूर रानी चेन्नम्मा के जो भी संवाद इस पाठ में आये हैं, उनका अभिनय कक्षा में करके दिखाइए।**

**[ https://youtu.be/iFy0WXABuR8 ]**
[ kittur rani chennamma acting video ]

**IX. कन्नड में अनुवाद कीजिए :**
1) कित्तूर कर्नाटक राज्य के उत्तरी बेलगावी जिले में है।
उत्तर : ಕಿತ್ತೂರು ಕರ್ನಾಟಕದ ರಾಜ್ಯದ ಉತ್ತರದ ಬೆಳಗಾವಿ ಜಿಲ್ಲೆಯಲ್ಲಿದೆ.
2) अंग्रेज गोद लिए पुत्र को उत्तराधिकारी नहीं मानते थे।
उत्तर : ಬ್ರಿಟೀಷರು ದತ್ತುಪುತ್ರನನ್ನು ಉತ್ತರಾಧಿಕಾರಿಯೆಂದು ಪರಿಗಣಿಸುತ್ತಿರಲಿಲ್ಲ.
3) चेन्नम्मा ने भीतर ही भीतर तैय्यारी आरंभ कर दी।
उत्तर : ಚೆನ್ನಮ್ಮ ಒಳ-ಒಳಗೆ ಸಿದ್ಧತೆ ನಡೆಸಿದಳು.
4) कित्तूर स्वतंत्र राज्य है।
उत्तर : ಕಿತ್ತೂರು ಸ್ವತಂತ್ರ ರಾಜ್ಯವಾಗಿದೆ.
5) चेन्नम्मा के पीछे दो हज़ार योधा थे।
उत्तर : ಚೆನ್ನಮ್ಮಳ ಹಿಂದೆ ಎರಡು ಸಾವಿರ ಯೋಧರಿದ್ದರು.
6) अंग्रेजों को दुबारा हार माननी पड़ी।
उत्तर : ಬ್ರಿಟೀಷರು ಎರಡನೇ ಬಾರಿ ಸೋಲನ್ನು ಅನುಭವಿಸಬೇಕಾಯಿತು.

**X.वीरांगना चेन्नम्मा जैसी अनेक महिलाओं का जन्म भारत देश में हुआ था। 'इनके ( मूसल) ओबव्वा कर्नाटक की ही थी। उनकी कहानी पढ़कर कक्षा में सुनाइए और दोनों महिलाओं की तुलना कीजिए।**

**[ https://www.youtube.com/watch?v=UuabIRa61Kk ]**
**[ Story about onake obavva ]**

**XI. इस पाठ में आये हुए सभी पात्रों की सूची बनाइए और उनके बारे में एक-एक वाक्य लीजिए।**

**जैसे : 1) चेन्नम्मा ———————> कर्नाटक की एक वीरांगन थी।**

2) धूलप्पा देसाई ————> चेन्नम्मा के वीर पिता थे।

3) थेकरे ———————> कित्तूर राज्य को हड़पन वाले ब्रिटिश अधिकारों

4) गुरुसिद्वप्पा ——————> कित्तूर के कुशल दीवान थे।

5) मल्लसर्ज ——————> कित्तूर के प्रजा वत्सल राज थे।

6) रुद्रम्मा ———————> मल्लसर्ज के पहली पत्नी थी।


**XII. भारत देश को अंग्रेजों से बचाने के लिए जिन देशभक्तों ने दिन-रात परिश्रम किया, उनका चित्र इकट्ठा कीजिए और उनके बारे में दो-तीन वाक्य लीजिए।**



**भगत सिंह** (जन्म: 28 सितम्बर 1907, मृत्यु:23 मार्च 1931) भारत के एक महान स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी थे। चन्द्रशेखर आजाद व पार्टी के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर इन्होंने देश की आज़ादी के लिए अभूतपूर्व साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुक़ाबला किया। पहले लाहौर में साण्डर्स की हत्या और उसके बाद दिल्ली की केन्द्रीय संसद (सेण्ट्रल असेम्बली) में बम-विस्फोट करके ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध खुले विद्रोह को बुलन्दी प्रदान की। इन्होंने असेम्बली में बम फेंककर भी भागने से मना कर दिया। जिसके फलस्वरूप इन्हें २३ मार्च १९३१ को इनके दो अन्य साथियों, राजगुरु तथा सुखदेव के साथ फाँसी पर लटका दिया गया। सारे देश ने उनके बलिदान को बड़ी गम्भीरता से याद किया....



**विनायक दामोदर सावरकर** (जन्म: २८ मई १८८३ - मृत्यु: २६ फ़रवरी १९६६) भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन के अग्रिम पंक्ति के सेनानी और प्रखर राष्ट्रवादी नेता थे। उन्हें प्रायः **स्वातंत्र्यवीर** , **वीर सावरकर** के नाम से सम्बोधित किया जाता है हिन्दू राष्ट्रवाद की राजनीतिक विचारधारा ('हिन्दुत्व') को विकसित करने का बहुत बड़ा श्रेय सावरकर को जाता है। वे न केवल स्वाधीनता-संग्राम के एक अग्रणी सेनानी थे अपितु महान क्रान्तिकारी, प्रखर चिन्तक, सिद्धहस्त लेखक, कवि, ओजस्वी वक्ता तथा दूरदर्शी राजनेता भी थे। वे एक ऐसे इतिहासकार भी हैं जिन्होंने हिन्दू राष्ट्र के विजय के इतिहास को प्रामाणिक ढंग से लिपिबद्ध किया है। उन्होंने १८५७ के प्रथम स्वातंत्र्य समर का सनसनीखेज व खोजपूर्ण इतिहास लिखकर ब्रिटिश शासन को हिला कर रख दिया था



**शहीद चन्द्रशेखर 'आजाद'** (२३ जुलाई १९०६ - २७ फ़रवरी १९३१) ऐतिहासिक दृष्टि से भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के स्वतंत्रता सेनानी थे। वे शहीद राम प्रसाद बिस्मिल व शहीद भगत सिंह सरीखे क्रान्तिकारियों के अनन्यतम साथियों में से थे।

सन् १९२२ में गाँधीजी द्वारा असहयोग आन्दोलन को अचानक बन्द कर देने के कारण उनकी विचारधारा में बदलाव आया और वे क्रान्तिकारी गतिविधियों से जुड़ कर हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के सक्रिय सदस्य बन गये। इस संस्था के माध्यम से राम प्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में पहले ९ अगस्त १९२५ को काकोरी काण्ड किया और फरार हो गये। इसके पश्चात् सन् १९२७ में 'बिस्मिल' के साथ ४ प्रमुख साथियों के बलिदान के बाद उन्होंने उत्तर भारत की सभी क्रान्तिकारी पार्टियों को मिलाकर एक करते हुए हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन का गठन किया तथा भगत सिंह के साथ लाहौर में लाला लाजपत राय की मौत का बदला सॉण्डर्स की हत्या करके लिया एवं दिल्ली पहुँच कर असेम्बली बम काण्ड को अंजाम दिया।

**XII.अनुरूपता :**

1) चेन्नम्मा के पिता : धूलप्पा देसाई : : चेननम्मा की माता : **पद्मावती**

2) चेन्नम्मा के पति : मल्लसर्ज : : चेन्नम्मा का पुत्र : **शिव बसवराज**

3) गुरुसिद्प्पा : कुशल दीवान : : चेनूनबसप्पा : **वीर योध्दा**

4) 1778 : चेन्नम्मा का जन्म : 1829 : **चेन्नम्मा की मृत्यू**

# 16.पूर्वाक्षर का पूर्वग्रह

- पी.एस.रामनुजम्

[ https://www.youtube.com/watch?v=eiwae9vmoAI ]

## I. एक वाक्या में उत्तर लिखिए :

**1) शहरों के नाम किससे सिमट रहे हैं?**

उत्तर :- शहरों के नाम पूर्वाक्षरों में याने अंग्रेजी के इनिशियलों में सिमट रहे हैं।

**2) किन गाँवों के नामों का परिशीलन करना ठीक रहेगा?**

उत्तर :- संकोच - प्रक्रिया की बली बने हुए कुछ गाँवों के नामों का परिशीलन करना ठीक रहेगा।

**3) हेमावती नदी कहाँ बहती है?**

उत्तर :- हेमावती नदी होले नरसीपुरा में बहती है।

**4) लोगों के पास किसके लिए समय नहीं है?**

उत्तर :- लोगों के पास लंबे-लंबे नाम पुकारने के लिए समय नहीं है।

**5) किसके कारण आज हम नाम छोटे-छोटे रख रहे है?**

उत्तर :- समयानुभाव के कारण आज हम नाम छोटे-छोटे रख रहे है।

**6) हमें क्या त्याग करना चाहिए?**

उत्तर :- हमें नया वर्ण व्यामोह को त्याग करना चाहिए।

**7) इस पाठ के लेखक का पूरा नाम क्या है ?**

उत्तर :- इस पाठ के लेखक का पूरा नाम प्रतिवादी भयंकर संपतकुमाराचार्य रामानुजम ( पी.एस.रामानुजम) है।

## II.दो -तीन वाकयों में उत्तर लिखिए :

**1) टी.नरसीपुरा के संक्षिप्तीकरण के बारे में लेखक के क्या विचार हैं ?**

उत्तर : सुंदर "तिरुमकूडलु नरसीपुर " अब. ' टी नरसीपुर ' बन गया है। आगे आने वाले संशधकों को पथभ्रष्ट करने का काम है यह। आगे चलकर कभी दैववशात् हमारे देश में अंग्रेजी भाषा के हट जाने का सौभाग्य अगर प्राप्त हुआ, तो इन इनशियलों का अर्थ दूँढकर मुश्किल हो जाएगा। अनेक खोजें की जाएँगी विचित्र परिणाम प्राप्त होंगें। संशोधन शायद इस निर्णय पर ३ चेंगें कि " टी नरसीपुरा " नाम प्रायशः नरसीपुर में टी (चाय) के बागान होने के कारण आया होगा।

**2) ' करिदोड्डन पाल्या ' के बारे में लेखक क्या कहते हैं?**

उत्तर: 'करिदोड्डन पाल्या ' नामक एक गाँव है। यह के 'के, डी, पाल्या 'बन जाएगा। क्रमशः गाँव को बदनाम कर देगा | आगे चलकर एक दिनसंशोधक निर्णय लेंगे कि इस गाँव में ' केडियों ' ( गुंडे) के होने से यह नाम आया होगा।

**3) इनिशियलों में सिमटे कितने गाँवों के नाम लेखक ने लिया है? वे कौन- कौन से हैं?**

उत्तर : 8 गाँवों के नाम लिए है वह है –एन टी.नरसीपुरा,एच.एन.पुरा,सी.एन.हल्ली, सी,आर.पट्टण,एच.डी.कोटे,के,एम,दोड्डी,एस,बी,गोला, वि.पुरा

**4) के.आर.एस नाम अपनी पहचान क्यों खो बैठी है?**

उत्तर -- अत्यंत मनोहर,सुंदर वृंदावन गार्डन्स वाला कृष्णराज सागर आज नीरस के.आर.सागर हो गया है।इसका लघुकरण वहीं रुका है, वह के. आर.एस.बनकर अंग्रेजी वर्णमाला के तीन अक्षरों में सिमटकर अपनी पहचान ही खो बैठा है।

## III. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

1) आगे आनेवाले संशोधनों को **पथभ्रष्ट** करने का काम है।

2) सबको पूर्वाक्षरों में छिपा देना बेचा ही **दर्दनाक** विषय है।

3) सुबह नाम **पुकारा** करना प्रारंभ करो तो समाप्त होते-होते **शाम** हो जाती थी।

4) कभी-कभी तो पूरा का पूरा नाम ही **अंग्रेजी बर्णों** में सिकुड़ जाता है।

5) सभी **अध्यापक** विद्यार्थियों की जिह्वा पर अंग्रेजी के वर्ण बनकर सुशोभित होते हैं।

## IV. जोड़ी मिलाइए :

1) होले नरसीपुर————> नरसिंह मंदिर

2) बी.आर.हिल्स ————> रंगनाथ स्वामी

3) टी.डी ————> तिरुपति देवालय

4) के.अर. एस ————> कृष्णराज सागर

5) एम.वर्मा————> मयूर वर्मा

## V.विलोम शब्द लिखिए :

1) अपना x पराया 2) सहज x असहज 3) नया x पुराना 4) सुंदर x कुरूप

5) मुश्किल x आसान 6) अच्छा x बुरा 7) कीर्ति x अपकीर्ती 8) हानि x लाभ

9) पास x दूर 10) सुबह x श्याम

## VI.निम्नलिखित विलोम शब्दों को सही शब्दों के साथ जोड़कर लिखिए :

1) अस्तिक » नास्तिक 2)पता » लापता 3) दिन » रात 4) शक » बेशक 5) उत्तीर्ण » अनुत्तीर्ण

## VII. अन्य वचन रूप लिखिए :

1) बात - बातें 2) प्रवृति – प्रावृत्तियाँ 3) गुंडा - गुंडे 4) नदी - नदियाँ

5) दंतकथा – दंतकथाएँ 6) घटना – घटनाएँ 7) पुस्तक – पुस्तकें 8) देवता - देवता

## VIII. अन्य लिंग रूप लिखिए :

1) आदमी – औरत 2) नायक – नायिका 3) राजा – रानी 4) देवता - देवी

5) स्वामी –स्वामिनी 6) बाप – माँ 7) अध्यापक - अध्यपिका

## IX. कन्नड में अनुवाद कीजिए :

1) चिक्नायकन हल्ली सी.एन.हल्ली बन गया है।

उत्तर : ಚಿಕ್ಕನಾಯಕನ ಹಳ್ಳಿ ಸಿ.ಎನ್ ಹಳ್ಳಿಯಾಗಿದೆ.

2) आज समया भाव के कारण छोटे-छोटे नाम रख रहे हैं।

उत्तर : ಇಂದು ಸಮಯದ ಅಭಾವದಿಂದ ಚಿಕ್ಕ –ಚಿಕ್ಕ ಹೆಸರುಗಳನ್ನು ಇಡುತ್ತಿದ್ದಾರೆ.

3) रंगनाथ स्वामी भी आर.एन.स्वामी बन गया है।

उत्तर : ರಂಗನಾಥ ಸ್ವಾಮಿಯೂ ಸಹ 'ಆರ್.ಎನ್ ಸ್ವಾಮಿಯಾಗಿಬಿಟ್ಟಿದೆ.

4) अंग्रेजी वर्णों का प्रभाव हमारे नामों पर हुआ है।

उत्तर : ಇಂಗ್ಲೀಷ್ ಅಕ್ಷರಗಳ ಪ್ರಭಾವ ನಮ್ಮ ಹೆಸರುಗಳ ಉಂಟಾಗಿವೆ.

## X.अनुरूपता

1) करीदोड्डन पाल्या : के.डी.पाल्या : : होले नरसीपुरा : **एन.एन.पुरा**

2) पूर्वाक्षर : उपसर्ग शब्द : : कननड़पन : **प्रत्यय**

3) ए.जेब : औरंगजेब : : एस. गुप्त : **समुद्र गुप्त**

4) बि.आर.हिल्स : बिलिगिरि रंगनबेट्टा : **डी.आर.दुर्ग : देवरायन दुर्ग**

### भाषा ज्ञान

### 'कि और ' की ' का प्रयोग

| कि | की |
|---|---|
| **समुच्चयबो धक अव्यय के रूप में।<br>मुख्य वाक्य को आश्रित वाक्य / उप वाक्य से जोड़कर के लिए इस अव्यय का प्रयोग होता है।<br>उदा: समझ लीजिए कि करिदोड्डन पालया नामक एक गाँव है।** | **1) संबंधबोधक कारक प्रत्यय के रूप में \|<br>उदा: (I) दशरथ की तीन रानियाँ थीं।<br>(II) बगीचे की हवा शुध्द होती है।<br>2) ' करना ' क्रिया के भुतकाल का स्त्रीलिंग रूप है।<br>उदा: (I) सिपाही ने देश की रक्षा की।<br>(II) उषा ने परीक्षा में नकल नहीं की \|<br>3) अन्य कुछ संबंधसूचक अव्ययों के पूर्व ' की ' का प्रयोग होता है।<br>उदा; कि ओर, की तरफ. की भाँति, की बगल, की अपेक्षा आदि।** |

**I. की ' की सहायता से वाक्य पूर्ण कीजिए**

1) मेरी बेटी ने आई.ए.एस **की** परीक्षा ली है।

2) छात्रों **की** कोई गलती नहीं थी।

3) कर्नाटक **की** राजधानी बेंगलूरु है।

4) रमेंश ने चोरी नहीं **की** थी।

5) शिल्पा ने गलती नहीं **की** ।

**II. की ' समुच्चयबोधक अव्यय के प्रयोगवाले पाँच वाक्य पाठ में से चुनकर लिखिए और अर्थ समझिए |**

1) यह भी हो सकता है कि लोकोपयोगी विभाग वालों नें गाँव के नाम लिखने के लिए छोटे फलक बनाए हो.

2) समझ लीजिए कि ' करिदोड्डन पाल्या ' नामक एक गाँव है।

3) संशोधन निर्णय लेंगे कि इस गाँव में घंटे के होने से यह नाम आया होगा।

4) टी.डी.का अर्थ यह होगा कि तिरुपति देवालय |

5) खैरियत इस बात की है कि अब तक हमने इस पध्दति का प्रयोग नहीं किया।

# 17.रहीम के दोहे

[ https://www.youtube.com/watch?v=iQDfWs3MdeM ]

**I. एक वाक्या में उत्तर लिखिए :**

1) सुजान लोग संपत्ति क्यों संग्रह करते है?

उत्तर : सुजान लोग संपत्ति दूसरों की कल्याण के लिए संग्रह करते है।

2) चंदन के पेड़ से कौन लिपटे रहता है ?

उत्तर : चंदन के पेड़ से साँप लिपटे रहता है।

3) रहीम किसको तिरस्कार न करने के लिए कहते है?

उत्तर : रहीम छोटे और साधारण लोगों से तिरस्कार न करने के लिए कहते है।

4) कौन अपनी प्रशंसा नहीं करते हैं?

उत्तर : बड़े लोग ज्यादा न बोलते है , न अपनी प्रशंसा खुद करते हैं।

II. दो -तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

**1) रहीम ने सज्जनों के बारे में क्या कहा है ? सोदाहरण समझाकर।**

उत्तर :जिस तरह पेड़ अपने फल खुद नहीं खाते और सरोवर अपना पानी खुद नहीं पीता है उसी प्रकार " सज्जन दूसरों के कल्याण के लिए दंपत्ति का संग्रह करते है।

**2) रहीम ने भुजंग के उदाहरण से क्या बताया है ?**

उत्तर : रहीम कहते है कि जो लोग अच्छे स्वभाव के होते है, बुरी संगत उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। जैसे चन्दन के पेड़ से साँप लिपटे रहने पर भी चन्दन में उसका विष व्याप्त नहीं होता।

**3) साधारण लोगों के महत्व को रहीम ने कैसे व्यक्त किया है ?**

उत्तर : बेड़े लोगों के सामने छोटे और साधारण लोगों को तिरस्कार से मत देखिए क्यों की जहाँ सुई काम आती है, वहाँ तलवार का उपयोग नहीं होता। हर एक चीज या व्यक्ति का अपना महत्व रहता है।

**4) हीरे के बड़प्पन को रहीम ने कैसे बताया है ?**

उत्तर : बड़े लोग ज्यादा न बोलते है न अपनी प्रशंसा खुद करते है विद्वानों ने किसी भी जगह पर एक समान रहते हैं जैसे हीरा कब कहता है कि उसका मूल्य लाख मुद्राएँ है।

**III. जोड़कर लिखिए :**

1) तरूवर————————> फल नहीं खाता है

2) चंदन पेड़————————> लिपटे रहता भुजंग

3) देख बड़ेन————————> को लघु न दीजिए डारि

4) हीरा ————————> लाख टका मम मोल

**IV. अनुरूप शब्द लिखिए :**

1) तरू: पेड़ :: तलवार : खड्ग

2) दूध : क्षीर : : भुजंग : **साँप**

3) मोल : दाम : : बोल : **बात**

4) काज : कार्य : : संपत्ति : **धन**

**V. इन शब्दों के अलग-अलग अर्थ लिखिए :**

1) वर————————> श्रेष्ठ - दूल्हा

2) सर ————————> सरोवर - माला

3) पर ————————> पंख - लेकिन

4) जान ————————> प्राण - समझ

**VI तुकांत शब्द लिखिए :**

1) पान - सुजान

2) डारि – तलवारी

3) कुसंग – भुजंग

4) बोल - मोल

**VII. इन शब्दों के उच्चारण लगभग समान हैं,कितु अर्थ भिन्न हैं इनके अर्थ नीचे दिए गए शब्दों में से चुनकर लिखिए :**

**(कंजूस, दिवस, यश, पवित्र, हवा, आशा, कटार, रचना, तिरस्कार, दरिद्र. )**

1) पवन -हवा
पावन - पवित्र

2) दिन- दिवस
कृति – रचना

3) अपेक्षा - आशा
उपेक्षा -तिरस्कार

4) कृपण – कंजूस
दीन – दरिद्र

5) कीर्ति - यश
कृपाण - कटार

## VIII. चारों दोहों को कंठस्थ कीजिए |

रहीम के दोहे

1) तरुवर फल नहीं खात है, स्वर पियहि न पान।
कहि रहीम परकाजहित, संपत्ति सेंचहि सुजान ॥

2) जो रहीम उत्तम प्रकृति, का करी सकत कुसंग।
चंदन विष व्यापत नहीं, लिपटे रहन भुजंग॥

3) रहिमन देख बड़ेन को, लघु न दीजिए डारि।
जहाँ काम आवे सुईं, कहा करे तलवारी॥

4) बेचे बड़ाई न करे, बड़े न बोले बोल।
रहिमन हीरा कब कहे, लाख टका मम मोल॥

## IX. शुध्द रूप लिखिए :

1) रुवतर - तरुवर
2) गजंभु - भुजंग
3) वातारिल - तलवारी
4) प्रतकृ - प्रकृत
5) कातहिजरप - परकाजहित

# पत्र – लेखन

[ https://www.youtube.com/watch?v=VLqxtoPSZi0 ]

**1.किसी कारण देते हुए तीन दिनों की छुट्टी माँगते हुए अपने कक्षा अध्यापक को एक पत्र लिखिए :**

दिनांक: : :
स्थान : चल्लकेरे

**प्रेषक,**
बी .एस.सुरेश नाय्क
दसवीं कक्षा, ए विभाग
बिसिनीरू मुद्दाप्प सरकारी हाईस्कूल
चल्लकेरे, चित्रदुर्ग जिला।

**सेवा में,**
कक्षा अध्यापक,
बिसिनीरू मुद्दाप्प सरकारी हाईस्कूल
चल्लकेरे, चित्रदुर्ग जिला।

**मान्य महोदय,**

**विषय :** तीन दिनों की छुट्टि प्रदान करने के बारे में,

सविनय निवेदन है कि, मेरी तबीयत ठीक न होने के कारण मैं दिनांक: : : से दिनांक: : : तक तीन दिनों तक कक्षा में उपस्थित नहीं हो सकती हूँ। इसलिए आप मुझे तीन दिनों की छुट्टि प्रदान करने की कृपा करें।

धन्यवाद के साथ

आपका विधेय विद्यार्थिनी,
बी .एस.सुरेश नाय्क

## 2.प्रवास जाने के लिए 1000/- रुपए माँगते हुए अपने पिताजी के नाम पर एक पत्र लिखिए :

प्रेषक,

बी .एस.सुरेश नाय्क
दसवीं कक्षा, ए विभाग
बिसिनीरू मुद्दाप्प सरकारी हाईस्कूल
चल्लकेरे, चित्रदुर्ग जिला।
दिनांक: ___ : ___ : ____

पूजनीय पिताजी,

सादर प्रणाम,

मैं यहाँ सकुशल हूँ। मुझे यकीन है कि भगवान की कृपा से वहाँ आप सब लोग सकुशल होंगे। मेरी पढ़ाई ठीक चल रही है। अब पत्र लिखने का कारण है कि, हमारी पाठशाला में मैसूर, श्रीरंगपट्टण, तलकाडु, नंजनगूडु,निमिषांभा देवालय आदि स्थानों को देखने शैक्षिक यात्रा का आयोजन हुआ है। उसमें मेरे सारे मित्र जा रहे हैं। मैं भी जाना चाहती हूँ। इसलिए आप मुझे प्रवास जाने के लिए अनुमति देते हुए, २०००/०० रुपए भेजने की कृपा करें। पूजनीय माताजी को मेरा सादर प्रणाम। भाई तथा बहन को मेरा याद-प्यार।

आपका प्रिय बेटा,

बी .एस.सुरेश नाय्क

[ हस्ताक्षर ]

सेवा में,
बी जी सोम्ला नाय्क
माविनकट्टे
होसदुर्ग ता
चित्रदुर्ग जिला।

# निबंध रचना

[ https://www.youtube.com/watch?v=4vOlPI617Oo ]

**1) बढती हुई जनसंख्या की समस्या :**

स्वतंत्र भारत को अपने आर्थिक विकास के लिए जिन समस्याओं का सामना करना पड रहा है, उनमें जनसंख्या का तीव्रगति से बढना प्रमुख समस्या है। आज भारत की जनसंख्या लगभग ९० करोड है। यह संसार में चीन की जनसंख्या के बाद दूसरे नंबर पर है। सन १९४७ ई.में भारत विबाजन के फलस्वरूप लाखों शरणार्थियों के भारत आगमन के कारण तथा उसके बाद भी विदेशों से आकर भारत में बसनेवाले लोगों के कारण भारत की जनसंख्या तीव्रगति से बढी है। ये तो बाह्य कारण है। आन्तरिक कारणों में,

१) जन्मदर में वृद्धि तथा मृत्युदर में कमी।
२) चिकित्सा तथा स्वास्थ्य सुविधाओं में निरंतर सुधारा।
३) शिशु मृत्युदर में कमी।
४) पर्याप्त खाद्यपूर्ति तथा छोटी उम्र में ब्याह।
५) गर्म जलवायु व अनिवार्य विवाह।
६) अशिक्षा व अन्धानुकरण के कारण परिवार नियोजन साधनों का समुचित उपयोग न होना आदि । भारत में अत्यंत तीव्रगति से बढती हुई जनसंख्या के दुष्परिणाम अनेक है। वे हैं-

१)हर व्यक्ति का आय का न बढना।
२)जीवन स्तर में निरंतर गिरावट।
३) औद्योगिक उत्पादन के लिए पूँजी की कमी।
४) देश में बेरोजगारी लगातार बढते जाना।
५) खाद्य सामग्री का अभाव होना।
६) वस्तुओं की कीमती में तीव्र वृद्धि का होना आदि।

जनसंख्या की वृद्धि से होनेवाली समस्याओं से छुटकारा पाना हो तो,

१) हमें हमारे देश की बढती जनसंख्या पर छुटकारा अंकुश लगाना होगा।
२) लोगों में परिवार को छोटा रखने की चेतना जागृत करना।
३) विवाह की न्यूनतम आयु निश्चित करना।
४) शिक्षा व नारी शिक्षा को प्रोत्साहन देना।
५) लोगों के रहन-सहन के स्तर को उन्नत करना।
६) परिवार कल्याण केन्द्रों का विस्तार करना आदि विशयों पर ध्यान लगा देना चाहिए तथा उनको आचरण में लाना चाहिए।

## 2.पर्यावरण की रक्षा :

प्रस्तावना:- हमारे चारों ओर दिखाई देनेवाले हरे-भरे पेड़-पौधे, नदी-पर्वत, पशु-पक्षि आदि सभी मिलकर पर्यावरण कहा जाता है। पर्यावरण कई कारणों से दूषित हो जाता है। पर्यावरण मुख्य रूप से तीन प्रकारों से दूषित हो जाता है। वे हैं-

**१) वायुमालिन्य**

**२) जलमालिन्य**

**३) शब्दमालिन्य**

**पर्यावरण प्रदूषण के कारण :**

पर्यावरण प्रदूषण के कई कारण है। इसका प्रमुख कारण बढती हुई जनसंख्या है। वृक्ष हमारे लिए प्राणवायु का संप्रसार करते हैं। आजकल मनुष्य अपनी स्वार्थ की पूर्ति के लिए वृक्षों को अंधा-धुंध काट रहा है। इस कारण ,पर्यावरण में प्राणवायु (आक्सीजन) कम होता जा रहा है। कारखानों से, वाहनों से निकलनेवाले धुँए से हवा प्रदूषित हो रही है। इस कारण से साँस से संबन्धित रोग आ रहे हैं।

हमारे जीवन में पानी का अधिक महत्व है। कल-कारखानों के विषैला पदार्थ , नगरों की गन्दगी से जल प्रदूषण फैल रहा है। ये सभी पदार्थ नदियों में छोडे जा रहे हैं। इससे पेट सम्बन्धी अनेक रोग आते हैं। कल-कारखानों की, वाहनों की आवाज से ध्वनि प्रादूषण फैल रहा है। इस कारण से कई मानसिक तथा शारीरिक बीमारियाँ हमें घेर रही है।

**पर्यावरण प्रदूषण के निवारण के उपाय :**

पर्यावरण प्रदूषण के निवारण के उपाय निम्नलिखित हैं-

१) सबसे पहले बढ़ती हुई जनसंख्या पर रोक लगाना चाहिए।

२) पेड-पौधों को ज्यादा लगाना चाहिए।

३) कारखानों से निकलनेवाली कचरे को नदियों में नहीं मिलाना चाहिए।

४) वाहनों से निकलनेवाले शोर को कम करना चाहिए।

५) कल-कारखानों ,राकटों तथा वाहनों से निकलनेवाले धुँए को कम करना चाहिए।

६) हमारे चारों तरफ के परिसर को शुद्ध तथा साफ रखना चाहिए।

७) स्वास्थ्य के महत्व के बारे में लोगों को जानकारी देना चाहिए।

८) औद्योगिक क्रांति पर रोक लगाना चाहिए।

पर्यावरण में फैले हुए प्रदूषण को रोककर हम अपने जीवन को सुखमय बना सकते हैं। पर्यावरण हमारा रक्षा कवच है। इसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।

## 3.इंटरनेट-क्रांति :

**प्रस्तावना:** आज का युग इंटरनेट युग है। बड़े बूड़ों से लेकर छोटे बच्चों तक सब पर इस इंटरनेट –क्रांति का असर पड़ा है।

**अर्थ:** इंटरनेट अनगिनत कंप्यूटरों के कई अंतर्जालों का एक दूसरे से संबंध स्थापित करने का जाल है। आज इनसान के लिए खान-पान जितना जरूरी है, इंटरनेट भी उतना ही आवश्यक हो गया है।

**इंटरनेट से लाभ:** कुछ साल पहले दूर रहते रिश्तेदार या दोस्तों को कोई खबर देनी पड़ती तो चिट्ठी लिखनी पड़ती थी या दूरभाष का उपयोग करना पड़ता था। इससे समय और पैसे दोनों का अधिक व्यय होता था। लेकिन इंटरनेट व्दारा पल भर में, बिना ज्यादा खर्च किए कोई भी विचार हो, स्थिर चित्र हो< दुनिया के किसी भी कोने में भेजना मुमकिन हो गया है। इंटरनेट व्दारा घर बैठे-बैठे खरीदारी कर सकते हैं। कोई भी बिल भर सकते हैं। इससे दुकान जाने और लाइन में घंटों खड़े रहने का समय बच सकता है। इंटरनेट –बैंकिंग व्दारा दुनिया की किसी भी जगह पर चाहे जितनी भी रकम भेजी जा सकती है। इंटरनेट की सहायता से बेरोज़गारी को मिटा सकते हैं। भारत में आई.टी (इनफारमेशन टैक्नोलजी) और आई.टी.ई.एस.(इनफारमेशन टैक्नोलजी एनेबल्ड सर्विसेस) संस्थाओं का प्रवेश इंटरनेट से संभव हुआ है। इनसे अनगिनत लोगों को रोज़गार मिला है और सिर्फ हमारे देश में ही नहीं, कई देशों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार हुआ है।
"सोशल नेटवर्किंग" एक क्रातिकारी खोज है, जिससे दुनिया भर के लोगों को एक जगह पर ला खड़ा कर दिया है। सोशल नेटवर्किंग के कई साइट्स हैं, जैसे-फेसबुक, आरकुट,ट्विट्टर, लिंकडइन आदि। इन साइटों के कारण देश-विदेश के लोगों की रहन-सहन, वेष-भूषा, खान-पान के अलावा संस्कृति, कला आदि का प्रभाव शीघ्रातिशीघ्र हमारे समाज पर पड़ रहा है। ई-गवर्नेन्स व्दारा सरकार के सभी कामकाज का विवरण, अभिलेख, सरकारी आदेश आदि को यथावत लोगों को सूचित किया जाता है। इससे प्रशासन पारदर्शी बन सकता है। इंटरनेट सचमुच एक वरदान है। उसने जीवन के हर क्षेत्र में अपना कमाल दिखाया है। जैसे- चिकित्सा, कृषि, अंतरिक्ष ज्ञान, विज्ञान, शिक्षा आदि। यहाँ तक कि देश के रक्षादलों की कार्यवाही में इंटरनेट का बहुत बड़ा योगदान है।

**इंटरनेट से दुष्परिणाम**

इंटरनेट एक ओर वरदान है तो दूसरी ओर वह अभिशाप भी है। इंटरनेट की वजह से पैरसी, बैंकिंग फ्राड, हैकिंग(सूचना/खबरों की चोरी) आदि बढ़ रही हैं। मुक्त वेब साइट, चैतिंग आदि से युवा पीढ़ी ही नहीं बच्चे भी इंतरनेट की कबंध बाँहों के पाश में फँसे हुए हैं। इससे वक्त का दुरुपयोग होता है और बच्चे अनुपयुक्त और अनावश्यक जानकारी हासिल कर रहे हैं।

**उपसंहार :**

इंटरनेट से अनेक दुष्परिणामों के होते हुए भी उससे अनेक लाभ भी है। उन्हें पहचानकर हमें उसका सही उपयोग कर लेना चाहिए। इंटरनेट से सचेत रहते है तो उसका सही लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

**4. पर्यटन का महत्व :**

कौतूहल और जिज्ञासा मानव की दो मूल प्रवृत्तियाँ है।मानव-मन परिवर्तन चाहता है। परिवर्तन तो प्रकृति का नियम है।मनुष्य भी हर दिन कुछ नया चाहता है, इसी कारण वह नये-नये जगहों, नये-नये लोगों की जानकारी आदि के लिए वह सदैव आतुर रहता है। इसी उत्सुकता के लिए वह पर्यटन करता है। पर्यटन का अर्थ है- विभिन्न स्थानों का घूमना।पर्यटन से मनोरंजन ही नहीं होता, वरन वह वरदान भी सिद्ध हो जाता है। आजकल विद्यालय में पर्यटन के महत्व को जानकर उसे शिक्षा का अंग माना गया है।

एक स्थान पर रहते-रहते व्यक्ति का मन ऊब जाता है। पर्यटन से मनोरंजन होता है। मनोरंजन से चित्त प्रसन्न रहता है। प्राकृतिक वातावरण, स्वच्छ एवं शुद्ध जलवायु से स्वास्थ्य बढता है। पर्वतीय प्रदेशों का शांत वातावरण उसे प्रकृति के समीप लाता है उसका मन खुशी से भर जाता है और उसकी कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। पर्यटन से मनुष्य व्यवहार कुशल, स्वावलंबी, धैर्यवान बनता है। विभिन्न प्रकार के लोगों से मिलने के बाद उसके व्यक्तित्व में विकास होता है मन मस्तिष्क में नवीनता लाने के लिए विद्यार्थियों को अवश्य पर्यटन में ले जाना चाहिए।

पर्यटन देश की आर्थिक समृद्धि का आधार है। अनेक लोग विश्वभर में व्यापारिक दृष्टि से यात्रा करते हैं। इससे विदेशी मुद्रा की प्राप्ति होती है।विभिन्न देशों से कम मूल्य पर सामान खरीदकर और अधिक मूल्य पर बेचकर वे काफी लाभ प्राप्त करते हैं। यही कारण है कि राज्य स्तर पर पर्यटन को बढ़ावा दिया जाता है।

पुस्तकीय ज्ञान से मानव-जीवन में व्यावहारिकता नहीं आती। पर्यटन द्वारा पुस्तकीय ज्ञान को व्यावहारिकता प्राप्त होती है। प्रत्येक क्षेत्र और देश के व्यवहार तथा संस्कृति में अंतर होता है। उनके साथ मिलकर व्यवहार करने का ज्ञान पर्यटन के बाद ही हो पाता है। विभिन्न लोगों के संपर्क में आने पर मानवीय व्यवहार को समझने की क्षमता बनी रहती है। पर्यटन के समय आनेवाले परिस्थितियों के कारण उसे जो अनुभव प्राप्त होते हैं, वे स्थाई तथा अधिक प्रभावी होते हैं। इस प्रकार पर्यटन से विश्वशांति के प्रयासों में सहायता मिलती है। सद्भावना बढ़ती है। इसलिए परस्पर स्नेह-भावना और विश्व-बंधुत्व की कल्पना करने में पर्यटन महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

पर्यटन जीवन के यथार्थ, संसार की राजनीतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक स्थिति तथा कला-कौशल का ज्ञान प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। सद्भाव तथा मैत्री की वृद्धि में पर्यटन का स्थान बहुत महत्वपूर्ण है।

सफल पर्यटन के मार्ग में कुछ कठिनाइयाँ आ सकती हैं। सभी व्यक्ति पर्यटन के बढ़े हुए व्यय को वहन नहीं कर सकते। जलवायु अनुकूल न हो पाने के कारण लोग बीमार भी हो जाते हैं। कभी-कभी जान-माल से हाथ भी धोना पड़ जाता है। शारीरिक, आर्थिक तथा मानसिक रूप से क्षति भी उठानी पड़ती है; अतः पर्यटन श्रमसाध्य तथा साहसिक कार्य है।

प्राचीनकाल में लोगों को यातायात की उपलब्ध नहीं थी, फिर भी वे पर्यटन के बहाने भ्रमण करते थे। ये पर्यटन कष्टदायक होती थीं। आज जब आधुनिक साधनों ने पर्यटन को सुलभ तथा मार्गों को सुगम्य बना दिया है, तब भी पर्यटन के प्रति लोगों में दिलचस्पी बहुत अधिक नहीं है। इसका कारण आर्थिक परिस्थिति हो सकता है। यदि देश की आर्थिक स्थिति में सुधार हो जाए तो देशवासियों में पर्यटन के प्रति स्वाभाविक रुचि उत्पन्न हो सकती है।

**5.महँगाई की समस्या :**

"हमारी चालीस प्रतिशत जनता अभी भी गरीबी के स्तर से नीचे जीवन बिता रही हैं और महँगाई इतनी अधिक बढ़ गई है, जितनी पहले कभी नहीं बढ़ी थी।"_ वी.वी.गिरि

**विषय प्रवेश**: भारत की बहुत-सी आर्थिक समस्याओं में महँगाई की समस्या एक प्रमुख समस्या है। वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि का क्रम इतना तीव्र है कि आप जब किसी वस्तु को दोबारा खरीदने जाते हैं तो वस्तु का मूल्य पहले से अधिक बढ़ा हुआ होता है।

**महँगाई के कारण :**

महँगाई क्यों बढ़ती है?-वस्तुओं के मूल्यों में व्रुद्धि के बहुत से कारण हैं। इन कारणों में अधिकांश आर्थिक हैं। कुछ कारण ऐसे भी हैं,जो व्यवस्था से संबंधित हैं अथवा सामाजिक हैं। ये कारण प्रायः इस प्रकार हैं-

क) जनसंख्या में तेजी से वृद्धि- भारत में जितनी तेजी से जनसंख्या में वृद्धि हो रही है, उतनी तेजी से वस्तुओं का उत्पादन नहीं हो रहा है। इसका स्वाभाविक परिणाम यह है कि अधिकांश वस्तुओं के मूल्यों में निरंतर वृद्धि हुई है।

ख) कृषि उत्पादन-व्यय में वृद्धि- हमारा देश कृषि-प्रधान है। यहाँ की अधिकांश जनसंख्या कृषि पर निर्भर हैं। गत अनेक वर्षों से खेतों में काम आनेवाले उपकरणों के मूल्यों में वृद्धि हुई है। इस कारण उत्पादित वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि होती जा रही है

ग) कृत्रिम रूप से वस्तुओं की पूर्ति में कमी-वस्तुओं का मूल्य माँग और पूर्ति पर आधारित है। जब बाजार में वस्तुओं की पूर्ति कम  हो जाती है तो उनके मूल्य बढ़ जाते हैं। अधिक मुनाफा कमाने के लिए व्यापारी वस्तुओं का कृत्रिम अभाव पैदा कर देते हैं,जिसके कारण महँगाई बढ़ जाती है।

घ) धन का असमान वितरण- हमारे देश में आर्थिक साधनों का असमान वितरण महँगाई का मुख्य कारण है। जिनके पास पर्याप्त धन है, वे लोग अधिक पैसा देकर साधनों और सेवाओं को खरीद लेते हैं। व्यापारी,धनवानों की इस प्रवृत्ति का लाभ उठाते हैं और महँगाई बढ़ती जाती है। व्यापारी अपनी वस्तुओं की कृत्रिम कमी उत्पन्न कर देते हैं। इसके कारण वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि हो जाती है। महँगाई को दूर करने के लिए सुझाव-  महँगाई को दूर करने के लिए सरकार को समयबद्ध कार्यक्रम बनाना होगा। किसानों को सस्ती कीमत पर खाद, बीज और उपकरण उपलब्ध कराने होंगे, ताकि कृषि-उत्पादन की कीमतें कम हो सकें। साथ ही खाद्य-पदार्थों की वितरण-प्रणाली में भी सुधार करना होगा, अथवा घाटे को पूरा करने के लिए नए नोट छापने की प्रणाली को बंद करना होगा। जनसंख्या की वृद्धि को रोकने के लिए निरंतर प्रयास करने होंगे ताकि वस्तुओं का सही बँटवारा हो सके। सहकारी वितरण-संस्थाएँ इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इन सबके लिए प्रशासन को चुस्त व दुरुस्त बनाना होगा और कर्मचारियों को पूरी निष्ठा तथा कर्तव्यपरायणता के साथ कार्य करना होगा।

**उपसंहार :** महँगाई की वृद्धि के कारण हमारी अर्थव्यवस्था में जटिलताएँ उत्पन्न हो गई हैं। घाटे की अर्थव्यवस्था ने इस कठिनाई को और ज्यादा बढ़ावा है। यद्यपि सरकार की ओर से किए जाने वाले प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष प्रयासों द्वारा महँगाई की इस प्रवृत्ति को रोकने का प्रयास निरंतर किया जा रहा है, तथापि इस दिशा में अभी तक पूरी सफलता नहीं मिल पाई है। यदि समय रहते महँगाई के इस दैत्य को वश में नहीं किया गया तो हमारी अर्थव्यवस्था छिन्न-भिन्न हो जाएगी और हमारी प्रगति के सारे रास्ते बंद हो जाएँगे। भ्रष्टाचार अपनी जड़ें जमा लेगा और नैतिक मूल्य पूरी तरह समाप्त हो जाएँगे।

**6. बेरोजगारी :**

"बेरोजगार व्यक्ति को कष्ट तो पहुँचता ही है, साथ ही उसका नैतिक पतन भी होता है, जो साधारण रूप से समाज को ग्रस्त कर लेता है और पीढ़ी-दर-पीढ़ी बढ़ता ही जाता है। इस प्रकार के असंतुष्ट नवयुवकों का अधिक संख्या में बेकार होना देश की राजनीतिक स्थिरता के लिए भी हानिकारक और भयंकर है।"

प्रस्तावना- क्या आपने कभी उस नवयुवक के चेहरे को देखा है, जो विश्वविद्यालय से अच्छी डिग्री लेकर बाहर आया है और रोजगार की तलाश में भटक रहा है? क्या आपने कभी उस युवक की आँखों में झाँककर देखा है, जो बेकारी की आग में अपनी शिक्षा-दीक्षा को जलाकर राख कर देने के लिए विवश है? क्या कभी आपने उस नौजवान की पीड़ा का अनुभव किया है, जो दिन में रोजगार-दफ्तरों में चक्कर लगाता है और रात में देर तक अखबारी विज्ञापनों में अपनी नौकरी की खोज करता है? घर में जिसे निकम्मा कहा जाता है और समाज में आवारा; किंतु अपनी मौन-व्यथा सुनाता है।

बेकारी का अर्थ- बेकारी का अभिप्राय उस स्थिति से है, जब कोई योग्य तथा काम करने के लिए इच्छुक व्यक्ति प्रचलित मजदूरी की दरों पर कार्य माँगता हो और उसे काम न मिलता हो। बालक, वृद्ध, रोगी, अक्षम एवं अपंग व्यक्तियों को बेरोजगारों की परिधि में नहीं रखा जा सकता। जो व्यक्ति काम करने के इच्छुक नहीं हैं और परोपजीवी हैं, वे भी बेकारी के अंतर्गत नहीं आते।

बेकारी: एक प्रमुख समस्या- भारत की आर्थिक समस्याओं में बेरोजगारी एक प्रमुख समस्या है। वस्तुतः यह एक ऐसी बुराई है, जिसके कारण उत्पादक मानव-शक्ति ही नहीं नष्ट होती, वरन देश का भावी आर्थिक विकास भी अवरुद्ध होता है। जो श्रमिक अपने कार्य के द्वारा देश के आर्थिक विकास में सक्रिय सहयोग दे सकते थे, वे कार्य के अभाव में बेकार रह जाते हैं। यह स्थिति हमारे आर्थिक विकास में बाधक है।

बढ़ती बेकारी के बोलते आँकड़े- इस देश में ऐसे व्यक्तियों की संख्या बहुत अधिक है, जो लंबे समय से रोजगार की खोज में हैं। एक सर्वेक्षण के अनुसार देश में ३१ दिसंबर १९७७ को रोजगार दफ्तरों के रजिस्टरों पर नौकरी ढँढने वाले एक करोड़ लोगों के नाम दर्ज थे। यह तो केवल रोजगार दफ्तरों की संख्या है। सन १९८५ तक यह संख्या बढ़कर ३ करोड़ के लगभग होगई थी। हमारे यहाँ लगभग ६० लाख लोग प्रतिवर्ष बेरोजगार की पंक्ति में खड़े हो जाते हैं। इनमें ग्रामीण बेरोजगारों की संख्या सबसे अधिक है। आशय यह है कि चाहे ग्रामीण हो अथवा शहरी, शिक्षित हो अथवा अशिक्षित, बेरोजगारों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है।

(क) जनसंख्या में वृद्धि- बेकारी का प्रमुख कारण है- जनसंख्या में तीव्रगति से वृद्धि।विगत कुछ दशकों में भारत में जनसंख्या का विस्फोट हुआ है। देश की जनसंख्या में प्रतिवर्ष २.५ प्रतिशत की वृद्धि हो जाती है, जबकि इस दर से बेकार व्यक्तियों के लिए रोजगार की व्यवस्था नहीं हो पाती है।

(ख) दोषपूर्ण शिक्षा-प्रणाली- भारतीय शिक्षा सैद्धांतिक अधिक है। वह व्यावहारिकता से शून्य है। इसमें पुस्तकीय ज्ञान पर ही विशेष ध्यान दिया जाता है। फलतः यहाँ के स्कूल-कालेजों से निकलने वाले छात्र दफ्तर के बाबू ही बन पाते हैं। वे निजी उद्योग-धंधे आरंभ नहीं कर पाते।

(ग) कुटीर उद्योगों की उपेक्षा- ब्रिटिश सरकार की कुटीर उद्योग-विरोधी नीति के कारण देश में उद्योग-धंधों का पतन हो गया। फलस्वरूप अनेक कारीगर बेकार हो गए। स्वतंत्रता-प्राप्ति के पश्चात भी कुटीर उद्योगों के विकास की ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया, अतः बेकारी में निरंतर वृद्धि होती गई।

(घ) औद्योगीकरण की धीमी प्रक्रिया- पंचवर्षीय योजनाओं में देश के औद्योगिक विकास के लिए प्रशंसनीय पग उठाए

गए हैं, फिर भी पूरी तरह देश का औद्योगीकरण नहीं किया जा सका है। इस कारण बेकार व्यक्तियों के लिए रोजगार नहीं जुटाए जा सके हैं।
(ङ) प्राकृतिक साधनों का अपूर्ण उपयोग- हमारा देश प्राकृतिक साधनों से संपन्न है। यहाँ की कृषि पूँजी एवं तकनीक के अभाव में इनका पूरा-पूरा उपयोग नहीं हो पा रहा है।
(च) कृषि का पिछड़ापन-भारत की लगभग ७२ प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर निर्भर है। यहाँ की कृषि अत्यंत पिछड़ी हुई दशा में है; अतः बेकारी की समस्या व्यापक हो गई है।
(छ) कुशल एवं प्रशिक्षित व्यक्तियों की कमी- हमारे देश में कुशल एवं प्रशिक्षित व्यक्तियों का अभाव है; अतः उद्योगों के संचालन के लिए विदेश से प्रशिक्षित कर्मचारी बुलाने पड़ते हैं। यही कारण है कि देश में अनेक अकुशल एवं अप्रशिक्षित व्यक्ति बेकार हो जाते हैं।
(ज) अविकसित सामाजिक दशा- हमारे देश में जाति-प्रथा, बाल-विवाह, सामाजिक असमानताएँ भी बेकारी को उग्र बनाने में सहायक हुई हैं। इनके अतिरिक्त मानसून की अनियमितता, भारी संख्या में शरणार्थियों का आगमन, मशीनीकरण के फलस्वरूप होनेवाली श्रमिकों की माँग एवं पूर्ति में असंतुलन, आर्थिक साधनों की कमी आदि से भी बेकारी में वृद्धि हुई है। देश को बेकारी से उबारने के लिए इनका समुचित समाधान किया जाना आवश्यक है।

**बेकारी दूर करने के उपाय निम्नलिखित उपाय बेकारी को दूर करने में सहायक सिद्ध हो सकते हैं :**
(क) जनसंख्या-वृद्धि पर नियंत्रण- जनसंख्या में अप्रत्याशित वृद्धि बेकारी का मूल कारण है। अतः इस पर नियंत्रण आवश्यक है। जनता को परिवार-नियोजन का महत्व समझाते हुए उसमें व्यापक चेतना जाग्रत करनी चाहिए।
(ख) शिक्षा-प्रणाली में व्यापक परिवर्तन- शिक्षा को व्यवसायोन्मुख बनाया जाना चाहिए। शिक्षा में शारीरिक श्रम को उचित महत्व दिया जाना चाहिए।
(ग) कुटीर उद्योगों का विकास- कुटीर उद्योगों के विकास की ओर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।
(घ) औद्योगीकरण- देश में व्यापक स्तर पर औद्योगीकरण किया जाना चाहिए। विशाल उद्योगों की अपेक्षा लघुस्तरीय उद्योगों को अधिक महत्व दिया जाए।
(ङ) सहकारी कृषि- कृषि के क्षेत्र में अधिकाधिक व्यक्तियों को रोजगार देने के लिए सहकारी कृषि को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए।
(च) सहायक उद्योगों का विकास- मुख्य उद्योगों के साथ सहायक उद्योगों का भी विकास करना चाहिए। जैसे-कृषि के साथ पशु-पालन आदि के द्वारा ग्रामीणजनों को बेकारी से मुक्त किया जा सकता है।
(छ) राष्ट्र- निर्माण के विविध कार्यों का विस्तार- देश में बेकारी को दूर करने के लिए राष्ट्र-निर्माण के विविध कार्यों का विस्तार किया जाना चाहिए। यथा- सड़कों का निर्माण, रेल-परिवहन का विकास, पुल निर्माण,बाँध-निर्माण, वृक्षारोपण आदि।
(ज) सामाजिक ढाँचे में परिवर्तन- श्रमिक वर्ग में गतिशीलता का संचार किया जाना चाहिए, ताकि जाति पर आधारित व्यवसाय से उत्पन्न होने वाली बेकारी को दूर किया जा सके। समाज में ऊँच-नीच तथा छुआछूत की बुराई को भी समाप्त किया जाना चाहिए।

## 7 . नागरिक के कर्तव्य :

**प्रस्तावना :** "राष्ट्र का निर्माण चट्टानों तथा वृक्षों से नहीं वरन उसके नागरिकों के चरित्र से होता है।"-यह कथन पूर्णतः सत्य है।अनुशासित नागरिक ही देश को उन्नति के पथ पर अग्रसर करते हैं।"नागरिक"शब्द राष्ट्र के सदस्यत्व का संकेत है।राज्य के उगम के साथ नागरिक शब्द भी उदित हुआ। नागरिक का अर्थ है "राष्ट्र की प्रजा।"

अरिस्टाटल के अनुसार "राज्य की राजनीति,प्रशासन और न्यायांगीय कार्यों में भाग लेनेवाले सदस्य ही नागरिक है।" उस समय स्त्रीयों को नागरिक का हक नहीं दिया गया था।लेकिन आधुनिक विचारधारा में एक राज्य में निवास करनेवाले स्त्री और पुरुष सब उसके नागरिक हैं। सरकार के कार्यों में भाग ले या न ले पर वे नागरिक हैं।

राष्ट्र और नागरिक एक ही वस्तु के दो पहलू हैं। बिना एक के दूसरे की कल्पना संभव नहीं है। नागरिकों का सामूहिक रूप ही राष्ट्र कहलाता है। उदाहरणार्थ भारत एक राष्ट्र है और हम सब इसके नागरिक। एक नागरिक के एक राष्ट्र में विशेष अधिकार और कर्तव्य होते हैं।

व्यक्ति जन्म से किसी देश का नागरिक हो सकता है, या फिर अन्य प्रकार से उस देश की नागरिकता प्राप्त कर सकता है। किसी भी राष्ट्र या देश की सच्ची शक्ति उसके नागरिकों में हैं। यदि वे विवेकशील, कर्मशील, स्वस्थ, बुद्धिमान, आदर्श और समृद्ध हैं तो वह देश भी आदर्श और महान होता है। एक संगठित, शक्तिशाली और आदर्श देश के निर्माता उसके नागरिक ही हैं।

एक आदर्श नागरिक का जीवन अनुकरणीय होता है। उसका ऊँचा आदर्श और आचरण होता है। वह अधिकारों से अधिक अपने कर्तव्यों का ध्यान रखता है, उन्हें प्राथमिकता देता है। उसके लिए राष्ट्र पहले है और अन्य कुछ उसके बाद। वह पारिवारिक, सामाजिक व राष्ट्रीय दायित्वों को बड़ी जिम्मेदारी से निभाता है। वह अपने देश के नियम, कानूनों का कड़ाई से पालन करता है, और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करता है। न वह निकम्मा और निठल्ला होता है और न कामचोर। वह निरंतर परिश्रम करके देश, समाज व अपने परिवार की समृद्धि में सहयोग देता है। वह कभी करों की चोरी नहीं करता है। वह देश के कानूनों को भलीभाँति जानता है और उनका पालन करता है।

एक आदर्श नागरिक को अपने देश,समाज,संस्कृति व इतिहास पर गौरव होता है। वह राष्ट्रभक्त होता है तथा सदा अनुशासन,शांति व व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करता है।

**नागरिक के कर्तव्य : भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि-**

१) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों,संस्थाओं,राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करें।

२) स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करनेवाले उच्च आदर्शों को हृदय में समाए रखें और उनका पालन करें।

३) भारत की प्रभुता,एकता और अखण्ड़ता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखें।

४) देश की रक्षा करें और आवाहन किये जाने पर राष्ट्र की सेवा करें।

५) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करें जो धर्म,भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हों। ऐसी प्रथाओं का त्याग करें जो स्त्रीयों के सम्मान के विरुद्ध है।

६) हमारी सामाजिक संस्कृति की, गौरवशाली परंपरा का महत्व समझे और उसका परिरक्षण करें।

७) प्राकृतिक पर्यावरण जिसके अंतर्गत वन,झील,नदी और वन्यजीव हैं, रक्षा करें और उसका संवर्धन करें तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखें।

८) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करें।




# 9ನೇ ತರಗತಿ ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳಿಗೆ ಗಣರಾಜ್ಯೋತ್ಸವದ ಉಡುಗೊರೆ

***" 9TH STANDARD COMPLETE NOTES WITH YOUTUBE LINKS"***

## ನೋಟ್ಸ್‌ನ ವಿಶೇಷತೆಗಳು

ಪಾಠಗಳ ಸಂಪೂರ್ಣ ಪ್ರಶ್ನೋತ್ತರಗಳು
ಪಾಠದ ಪೂರ್ಣ ಭಾಷಾಭ್ಯಾಸದ ಚಟುವಟಿಕೆಗಳು
ಪ್ರತಿಯೊಂದು ಪಾಠದ ಚಂದನ ಟಿ.ವಿ. ಯ ವಿಡಿಯೋ ಲಿಂಕ್
ವ್ಯಾಕರಣಾಂಶ ಮತ್ತು ಅದಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ ವ್ಯಾಕರಣಾಂಶದ ವಿಡಿಯೋ ಲಿಂಕ್
ಪತ್ರ ಲೇಖನ
ಪ್ರಬಂಧ

## ವಂದನೆಗಳು.......

## ಶುಭವಾಗಲಿ...........